Title: Requested to repair the existing bridges and also to constrct a new one over the Chinab in Jammu.

वैद्य विणु दत्त शर्मा (जम्मू) : सभापति महोदय, चिनाब नदी जम्मू प्रांत के बीचोंबीच से गुजरती है और उसके पास 15 लाख की जनसंख्या आबाद है तथा वहां सिक्योरिटी फोर्सेज बड़ी संख्या में है। वहां तीन जिले हैं और उनको मिलाने के लिए एक ही राजमार्ग है और चिनाब नदी को पार करने के लिए एक ही पुल है। पहले ही वह पुल दो बार गिर चुका है। वह इतना कमजोर है कि उस पर हैवी-ट्रैफिक नहीं चल सकता है। हर दिन दो बार ट्रैफिक रोक करके उसकी मरम्मत करनी पड़ती है तब जाकर ट्रैफिक चलता है। हालत नासाज़गार हैं और कभी भी कोई भी दुर्घटना हो सकती है। पाकिस्तान भी कभी कोई दुर्घटना कर सकता है। ऐसी स्थिति में सुरक्षा की दृटि से भी एक वैकल्पिक पुल अलग से बनाना बहुत जरूरी है। मैं वाों से मांग कर रहा हूं कि इस पुल की ठीक से मरम्मत की जाए तथा एक नया पुल और बनाया जाए जिससे लोगों को सुरक्षा और सहूलियत हो सके। अगर यह पुल गिर गया तो वहां सामान के अभाव में लोग घुटकर मर जाएंगे और सुरक्षा के मामले में भी हम चौपट हो जाएंगे। इसलिए मेरा आग्रह है कि सुरक्षा की दृटि से भी वहां एक पक्का पुल और बनना चाहिए।